हम आपकी सहायता किस **प्रकार कर सकते हैं**

जो कार्य करने आपको पसंद हैं उन्हें करना बंद न करें! यह पता लगाने के लिए हमसे संपर्क करें कि आत्म-निर्भर बने रहने में हम किस प्रकार आपकी सहायता कर सकते हैं...

निम्नलिखित प्रकार से:

1 हमारे पूछताछ केंद्र पर फोन करें: 1300 885 886

आपके लक्ष्यों और हालातों के आधार पर हम किस प्रकार आपकी सहायता कर सकते हैं - इस बारे में जानने के लिए हमारे किसी स्वास्थ्य व्यवसायी से बात करें।

सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 4:30 बजे तक - सोमवार से शुक्रवार
सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक - शनिवार

2 हमारे डिस्पले सेंटर (प्रदर्शन केंद्र) पर आएं

उपकरण का परीक्षण करने और हमारे स्वास्थ्य व्यवसायियों से परामर्श प्राप्त करने के लिए हमारे किसी एम्बीएंट लिविंग डिस्पले सेंटर्स (परिवेशी रहन-सहन प्रदर्शन केंद्र) का दौरा करें।

- विचार तथा प्रेरणा प्रदान करने के लिए समर्पित डिस्पले (प्रदर्शनियाँ) जैसे कि किचन्स, बेडरुम्स व बॉथरुम्स
- आपके द्वारा प्रतिदिन के रहन-सहन के लिए परीक्षण करने हेतु 1500 से अधिक सहायक प्रौघोगिकी वस्तुएं

सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 4:30 बजे तक - सोमवार से शुक्रवार
सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक - शनिवार

3 क्या आप हम तक पहुँचने में असमर्थ हैं? कोई बात नहीं, हम आप तक पहुँच सकते हैं!

हमारे स्वास्थ्य व्यवसायी आपके घर या कार्यक्षेत्र पर आकर आप से मुलाकात कर सकते हैं और आपको आपके अपने परिवेश में सहायक प्रौघोगिकी का परीक्षण करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। हम अपने आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से पूरे क्वींसलैंड में सेवा प्रदान करते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए 1300 885 886 पर फोन करें।

4 ऑनलाइन हमारी वेबसाइट देखें: www.lifetec.org.au

हमारी सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें, हमारे बहुत से तथ्य-पत्रकों में से किसी तथ्य-पत्रक को डाउनलोड करें या हमारे सहायक प्रौद्योगिकी उत्पाद डेटाबेस को सर्च करें (खोजें)

LifeTec™
towards easier living

LifeTec सप्ताह में 6 दिन खुला रहता है

सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 4:30 बजे तक - सोमवार से शुक्रवार
सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक – शनिवार
LifeTec डिस्पले सेंटर्स (प्रदर्शन केंद्र) पूर्ण रुप से सुलभ हैं।
विवरण और रास्ते के लिए हमें फोन करें!

Brisbane
Level One,
Reading Newmarket
Cnr Newmarket &
Enoggera Roads
PO Box 3241,
Newmarket Qld 4051
फोन: 07 3552 9000
फैक्स: 07 3552 9088

Townsville
Shop G-3A,
Domain Central,
103 Duckworth Street
PO Box 8280,
Garbutt Qld 4814
फोन: 07 4759 5600
फैक्स: 07 4759 5688

टोल फ्री:
1300 885 886

ई-मेल:
mail@lifetec.org.au

www.lifetec.org.au

निधियन की स्वीकृति

hacc
home and community care

HACC ग्राहक के तौर पर अपने अधिकारों व उत्तरदायित्वों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया हमें संपर्क करें।

QUEENSLAND GOVERNMENT
Australian Government
Department of Health and Ageing

क्वींसलैंड स्मार्ट होम डिस्पले का घर

Facebook.com/
lifetecqueensland

AS/NZS ISO 9001 : 2008 QUALITY CERTIFIED ORGANISATION

LifeTec™
towards easier living

HINDI

साधारण लोग साधारण रहन-सहन

www.lifetec.org.au

LifeTec™
towards easier living

साधारण लोग
स्वतंत्र रहन-सहन

LifeTec विशेषज्ञ सूचना एवं परामर्श का अग्रणी प्रदाता है जिससे लोगों को सहायक प्रौद्योगिकी के माध्यम से अपनी आत्म-निर्भरता का अधिकतम लाभ उठाने में सहायता मिलती है।

इसका अर्थ यह है कि वृद्ध लोग, तथा साथ ही विकलांगता से ग्रस्त बच्चे एवं वयस्क अपने घरों, कार्यक्षेत्र या स्कूल पर तथा अपने समुदायों में और अधिक आत्म-निर्भर हो सकते हैं।

LifeTec सहायक प्रौद्योगिकी की बिक्री नहीं करता है, परंतु हम हजारों सहायक वस्तुओं को प्रदर्शित करते हैं और हमारे पास अनेकों और वस्तुओं का डेटाबेस उपलब्ध है। हमारे प्रशिक्षित स्वास्थ्य व्यवसायी आपको निष्पक्ष परामर्श प्रदान कर सकते हैं ताकि आप इस बारे में सुविज्ञ निर्णय ले सकें कि आपके लिए सबसे बढ़िया चीज़ क्या है।

सबसे बढ़िया बात यह है कि यह परामर्शी सेवा पूर्ण रूप से **नि:शुल्क** है!

हमारा लक्ष्य घर पर, कार्यक्षेत्र पर या समुदाय में रोज़मर्रा के कार्यों को **और अधिक साध्य व और अधिक आनन्ददायक बनाना** है।



सहायक प्रौद्योगिकी (एसिस्टिव टैक्नोलॉजी) क्या होती है?

सहायक प्रौद्योगिकी कोई ऐसा उत्पाद, उपकरण या सिस्टम (तंत्र) होता है जो लोगों को रोज़मर्रा के जीवन की गतिविधियों के लिए प्रयोगात्मक समाधान प्रदान करता है। सहायक प्रौद्योगिकी लाखों लोगों को सीखने, कार्य करने, मिलने-जुलने, आत्म-निर्भरता प्राप्त करने, अथवा महज़ उनके द्वारा उनके जीवन में सामान्य कार्यों से हट कर और अधिक कार्य कर पाने में सहायता करती है।
उनके जीवन में प्रतिदिन।

अधिक विशेष रुप से, सहायक प्रौद्योगिकी लोगों को निम्नलिखित रोज़मर्रा के कार्यों को करने में सहायता प्रदान कर सकती है:

- जार (मर्तबानों) को खोलने में और नलों को खोलने व बंद करने में
- वैकल्पिक संचार उपलब्ध कराने में
- सुरक्षित गतिशीलता का आनन्द लेने में
- कंप्यूटरों का प्रयोग करने में
- मनोरंजक गतिविधियों का आनन्द लेने में
- प्रियजनों की देखभाल में सहायता करने में
- सुलभ व सुरक्षित परिसरों में रहने में।

जो कार्य करने आपको पसंद हैं उन्हें करना बंद न करें!

LifeTec की सेवाएं

सूचना

हमारे प्रशिक्षित स्वास्थ्य व्यवसायी (व्यावसायिक थेरेपिस्ट्स, स्पीच पेथोलोजिस्ट्स और फ़िज़ियोथेरेपिस्ट्स को शामिल कर) नि:शुल्क विशेषज्ञ सूचना व परामर्श प्रदान कर सकते हैं ताकि आप अपने आत्म-निर्भरता के लक्ष्यों के लिए सबसे उचित सहायक प्रौद्योगिकी का चयन कर सकें।

शिक्षा

LifeTec सामुदायिक समूहों और प्रदर्शनियों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी से संबंधित वार्ता, प्रदर्शनियाँ व प्रयोगात्मक प्रदर्शन उपलब्ध कराता है।

हम स्वास्थ्य व्यवसायियों और सामुदायिक देखभाल के कार्यकर्ताओं पर केंद्रित प्रयोगात्मक व पारस्परिक कार्यशालाएं भी प्रदान करते हैं।

परामर्श

हमारी नि:शुल्क परामर्शी सेवा के अतिरिक्त, LifeTec व्यावसायिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी और घरेलू रूपान्तरण कार्यों से संबंधित व्यक्तिगत परामर्श और आंकलन उपलब्ध करा सकता है।
यह जानने के लिए हमें फोन करें कि हम किस प्रकार सहायता कर सकते हैं।